हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 26 मई 2025

तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 सेमल वृक्षों की कटाई पर्यावरण के लिए खतरा...

14 आज के दौर में छल-कपट को बुद्धिमत्ता व धन को गुण का...

खबर संक्षेप

तीन मामलों में 36 लीटर शराब जब्त, 3 गिरफ्तार

गरियाबंद। नया सवेरा अभियान के तहत अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गरियाबंद पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में कुल 36.160 लीटर अवैध शराब जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन मामलों में कुल 36,200 रुपए की शराब तथा 25,000 रुपए कीमत की एक मोटरसाइकिल जब्त की गई है। थाना फिंगेश्वर पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अलग-अलग स्थानों से शराब जब्त की गई। गिरफ्तार आरोपियों के नाम व विवरण इस प्रकार है घनाराम साहू (56 वर्ष), निवासी बेलर, थाना फिंगेश्वर जिसके कब्जे से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब (अनुमानित कीमत 3,000) बरामद हुई। दीनबंधु ढीढी (35 वर्ष), निवासी कुण्डेल, थाना फिंगेश्वर जिसके पास से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब अनुमानित कीमत 2,000 रुपए जब्त की गई। चैतराम चेलक (27 वर्ष), निवासी कौंदकेरा, थाना राजिम जिसके पास से 62 पौवा देशी मसाला शराब अनुमानित कीमत 6,200 रुपए तथा एक पैशन प्रो मोटरसाइकिल अनुमानित कीमत 25,000 हजार रुपए बरामद की गई। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर उन्हें विधिसम्मत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। फिंगेश्वर थाना पुलिस की सतर्कता और तत्परता से की गई इस कार्रवाई को नया सवेरा अभियान की दिशा में एक सफल प्रयास माना जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस अभियान के तहत अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

बिजली के समाधान शिविर में शामिल होंगे राजस्व मंत्री

फिंगेश्वर। 26 मई को सुशासन त्योहार एवं समाधान शिविर विकासखंड फिंगेश्वर के ग्राम बिजली में आयोजित है। जिसमें राज्य के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा का आगमन राजिम विधायक रोहित साहू के साथ होगा। प्रोटोकाल के अनुसार वे दोपहर 1 बजे ग्राम बिजली में पहुंचकर कार्यक्रम मे शामिल होंगे।

महिला से 8 लीटर महुआ शराब बरामद

महासमुंद। बसना पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम आमापाली-हाड़ापथरा मार्ग में एक महिला से 8 लीटर महुआ शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मुखबिर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर सुखबाई मिर्धा (38) को पकड़ा। पूछताछ में उसने हाड़ापथरा थाना बसना निवासी होना बताया। तलाशी लेने पर सड़क किनारे छिपाकर रखे काले रंग की ट्यूब में 8 लीटर महुआ शराब (कीमती 1600 रुपए) मिली। पुलिस ने शराब जब्त कर महिला के विरूद्ध आबकारी एक्ट 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया।

खेत से पंप व सामान पार

महासमुंद। भोरिंग खार के खेत से 3 एचपी का सोलर पंप, कंट्रोलर, केबल वायर अज्ञात ने पार कर दी। चोरी गए सामानों की कीमत साढ़े 28 हजार रुपए बताई गई है। प्रार्थी ने तुमगांव थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। मिली जानकारी के अनुसार तुमगांव वार्ड-8 निवासी गंगूराम सतनामी ने पुलिस को बताया कि उसका खेत भोरिंग खार में है। खेत में क्रेडा के तहत 3 एचपी का डीसी सबमर्सिबल सोलर पंप, केबल, कंट्रोलर लगाया गया था।

हादसा : बच्ची की मौत के बाद से गुमसुम थी मौसी, खुद को दे रही थी दोष

बांध में डूबने से बच्ची की मौत, अगली सुबह सदमे में मौसी ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

रसेला से 6 किलोमीटर दूर ग्राम पलेमा में एक हृदयविदारक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। शनिवार दोपहर को हुई एक दर्दनाक घटना ने एक नहीं बल्कि दो परिवारों की जिंदगी बदल दी। जहां 6 वर्षीय मासूम बच्ची की बांध में डूबने से मौत हो गई वहीं अगली ही सुबह उसकी मौसी ने आत्महत्या कर ली। इस दोहरी त्रासदी से गांव में मातम पसर गया है। बता दें की बच्ची सारिका ठाकुर, जो मूलतः पलेमा से लगे पास के गांव कामराज की रहने वाली थी, गर्मी की छुट्टियां मनाने अपनी नानी के गांव पलेमा आई हुई थी। पूरे घर में चहल-पहल थी, और सारिका भी अपने बचपन की खुशियां समेट रही थी। लेकिन किसे पता था कि ये छुट्टियां उसके जीवन की अंतिम छुट्टियां साबित होंगी। शनिवार की दोपहर, सारिका अपनी 21 वर्षीय मौसी पानो सोरी के साथ पलेमा और कोड़ामाल गांव के बीच स्थित झुलनमारी बांध में घोंघी (जल-जंतु) बिनने गई थी। पानो अपनी भांजी सारिका को लेकर बांध पहुंची थी। दोनों अलग-अलग जगहों पर घोंघी बिनने में व्यस्त थीं। पानी उथला होने के कारण उन्हें कोई खतरा महसूस नहीं हुआ। लेकिन शायद एक जगह गहराई अधिक थी, और वहीं मासूम सारिका फिसलकर गहरे पानी में चली गई। उसे तैरना नहीं आता था। जब तक पानो की नज़र पड़ी, तब तक बच्ची डूब चुकी थी। उसने चीख-पुकार की, गांव वाले मौके पर पहुंचे और किसी तरह बच्ची का शव बाहर निकाला, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। बच्ची की सांसें थम चुकी थीं।

परिवार और गांव में पसरा मातम

फिलहाल गांव में गम का माहौल है। सारिका की मां और नानी बार-बार बेसुध हो रही हैं, वहीं पानो सोरी के परिजन भी अपनी जवान बेटी को खोकर टूट चुके हैं। मोहल्ले के लोग भी इस घटना से काफी आहत हैं, क्योंकि यह सब कुछ अचानक और बेहद दुखद था।

मौसी ने कर ली आत्महत्या

परिवार में अभी एक हादसे को कुछ घंटे भी नहीं बीते थे कि सुबह सुबह-सुबह जैसे ही सब उठे, उन्होंने देखा कि बच्ची की मौसी पानो सोरी ने घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है। करीब सुबह 5 बजे के आसपास की यह दूसरी घटना पूरे गांव में आग की तरह फैल गई। एक ही परिवार की दो-दो मौतों ने हर किसी को स्तब्ध कर दिया। परिजनों ने बताया कि सारिका की मौत ने सबसे ज़्यादा असर पानो सोरी पर डाला था। बच्ची की मौत के बाद से वह गुमसुम थी, रो रही थी, खुद को दोष दे रही थी। रात भर वह शांत रही, किसी से बात नहीं की। उन्होंने बताया कि हमें लगा कि वह सदमे में है, लेकिन सुबह उसने आत्महत्या कर ली थी। घटनास्थल पर छुरा थाना की पुलिस पहुंची और पंचनामा कर दोनों मामलों में जांच शुरू कर दी है। पहले बच्ची की मौत को लेकर मर्ग कायम किया गया था, और अब पानो की आत्महत्या की जांच की जा रही है। पुलिस आत्महत्या की वजह जानने की कोशिश में है क्या यह आत्मग्लानि थी, या फिर कोई और कारण भी इससे जुड़ा है?

घर में घुसे डकैत, चाकू की नोक पर 8 लाख नकद व जेवरात लेकर हुए फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

ग्राम चरौदा में देर रात सात नकाबपोश डकैतों ने चाकू की नोंक पर परिवार को बंधक बनाया फिर घर से करीब 8 लाख कैश और 10 लाख के जेवरात लेकर फरार हो गए। इस दौरान आरोपियों ने परिवार के मोबाइल फोन भी छीन लिए। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही देर रात से पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक चरौदा निवासी सूर्यकांत मित्तल किराना व्यवसायी हैं। बताया जा रहा है कि शनिवार की दरमियानी रात पूरा परिवार गहरी नींद में सो रहा था। रात करीब एक से डेढ़ बजे अज्ञात नकाबपोश ⏭शेष पेज 12 पर

आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट, अपहरण, धमकी और आपराधिक साजिश जैसी गंभीर धाराओं में केस दर्ज करने की तैयारी कर रही है। अधिकारियों का मानना है कि यह चोरों के किसी पेशेवर गिरोह का काम है, जो काफी समय से इलाके में वारदात की फिराक में था। मौका पाकर वारदात को अंजाम दिया गया। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

शिविर में 14 पंचायतों की शिकायत व मांग पत्रों का निराकरण आज

कार्यक्रम में मंत्री टंकराम वर्मा विधायक रोहित, पूर्व सासंद व विधायक होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

सुशासन तिहार के तहत फिंगेश्वर ब्लाक अन्तर्गत ग्राम पंचायत बिजली हाई स्कूल में 26 मई को सेक्टर स्तरीय समाधान शिविर होंगें। समाधान शिविर बिजली में मंत्री, विधायक, पूर्व सासंद व अन्य जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में शासन की समस्त विभागों की योजनाओं को बताने अधिकारी मौजूद रहेंगे। वहीं समाधान शिविर में बिनौरी, बिजली, खुटेरी, सिरीखुर्द, कुण्डेल, छुईहा, चरौदा, बोड़की, चरभट्ठी, बेलर ,बारूला, पतोरा, गनियारी, ग्राम पंचायत से आम लोगों से मिले मांग पत्र, शिकायत का निराकरण भी किया जायेगा। आवेदक अपने दिए गए आवेदन का संबंधित विभाग से जानकारी ले सकते हैं। महिला स्व सहायता भवन बिजली , खाद्य गोदाम बिजली का लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। सरपंच बिजली पद्मा मोती राम निषाद ने कहा कि कार्यक्रम के अतिथिगण में मुख्यातिथि टंकराम वर्मा मंत्री छग शासन खेल एंव युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन अध्यक्षता रोहित साहू विधायक राजिम, अतिविशिष्ट अतिथिचंदूलाल साहू अध्यक्ष राज्य भंडार गृह निगम छग शासन, संतोष उपाध्याय पूर्व विधायक राजिम, इंद्राणी नेहरू साहू, अध्यक्ष जनपद फिंगेशर, नंदनी ओमकार साहू, सभापति जिला पंचायत कोमल ढीढी स. जि. पं गरियाबंद, सतीष यादव उपाध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर, हरिष साहू, अध्यक्ष सरपंच संघ फि.

मंजुलता हरित अध्यक्ष भाजपा मंडल फिंगेश्वर, रूपसिंग साहू युवा भाजपा नेता समाजिक कार्यकर्ता, नंदू यादव समापति जनपद फिंगेश्वर होंगे।

बिना संकेतक हाईवे में खड़ी थी हाईवा जा टकराई कार, 3 की मौत, 3 घायल

महासमुंद। हाईवे पर लापरवाही पूर्वक बिना संकेतक हाईवा खड़ी किए जाने से आधी रात एक वाहन हाईवा के पीछे जा घुसी। रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात हुई इस घटना में एक ही परिवार के 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बता दें कि तुमगांव थाना क्षेत्र के कोडार चौक से 500 मीटर आगे यह घटना हुई। बता दें कि इस दर्दनाक हादसे में कार में सवार 03 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई वहीं साथ बैठे 3 अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। घायल मे पति, पत्नी एवं 6 वर्षीय एक बच्चा है। जबकि घायल बच्चे के दादा-दादी एवं चालक की मौत हो गयी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ये हादसा रविवार-सोमवार की मध्य रात्रि तकरीबन 1 बजे का है। नरहरपुर (कांकेर) मे एसबीआई बैंक मे मैनेजर के पद पर पदस्थ चंदन अभिषेक उम्र लगभग 42 वर्ष उनकी पत्नी, एक बच्चा, माता-पिता एवं चालक के साथ अपनी कार क्रमांक आरजे 09 सीडी 1008 से झारखंड बोकारो से रायपुर आ रहे थे।

कमार जनजाति के 5 मासूमों की मदद को आगे आया समाज कल्याण विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव (कोरासी)

छुरा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत मुड़ागांव में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार के दो परिवारों के पांच मासूम बच्चे आज अपने दुर्भाग्यपूर्ण हालातों में जीवन यापन को विवश है।जिसकी खबर हरिभूमि ने 25 मई को प्रकाशित

किया। जिसके बाद उसी दिन समाज कल्याण विभाग गरियाबंद के द्वारा पांच कमार बच्चों के निवास पहुंच कर 14 वर्षीय तुमेश्वर कमार एवं 12 वर्षीय पम्मी कमार, सिमेश्वरी (11 वर्ष), दीप्ति (8 वर्ष) एवं दिनेश (5 वर्ष) को ग्राम पंचायत सरपंच एवं ग्राम प्रमुख ग्राम पटेल के मौजूदगी में पंचनामा कर भरण-पोषण एवं शिक्षा के लिए ले गया है।

नौतपा के पहले दिन झमाझम बारिश

मैनपुर। नौतपा की जहां शुरूआत हो गई है। वहीं मैनपुर क्षेत्र में नौतपा के प्रथम दिन झमाझम बारिश से और दिन भर रूकरूक कर हो रही बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया है। देर शाम को भी रिमझिम बारिश जारी रहा।

दो मामलों में 30 लीटर महुआ शराब जब्त, 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

नया सवेरा अभियान के तहत अवैध शराब तस्करी व बिक्री पर नकेल कसने गरियाबंद पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में थाना देवभोग पुलिस ने शुक्रवार को दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल 30 लीटर हाथ भट्टी से बनी महुआ शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला थाना देवभोग क्षेत्र का है, जहां मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने ग्राम गोहरामाल के दो अलग-अलग स्थानों से दो आरोपियों को पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों की पहचान कासम नेताम (45 वर्ष) और आशा राम सोरी (35 वर्ष), दोनों निवासी ग्राम गोहरामाल, थाना देवभोग, के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी पैदल ही शराब ले जाकर

बिक्री करने की फिराक में थे। एक आरोपी को बुरलीपारा मार्ग की पुलिया के पास और दूसरे को जलधर नागेश के घर के पास स्थित पुलिया से पकड़ा गया। तलाशी के दौरान दोनों के पास से 15-15 लीटर हाथ भट्टी से बनी कच्ची महुआ शराब, कुल 30 लीटर जिसकी अनुमानित कीमत करीब 3000 रुपए बताई जा रही है, बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी किसी प्रकार का वैध दस्तावेज या लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी एक्ट के तहत क्रमशः अपराध क्रमांक 147/2025 और 148/2025 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। इस पूरी कार्रवाई में थाना देवभोग पुलिस टीम की सक्रिय भूमिका रही, जिन्होंने समय रहते अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाकर कानून-व्यवस्था को मजबूत किया।

पालना घर की मांग को जनप्रतिनिधियों ने दिया समर्थन

एकल परिवारों में बच्चों की देखभाल बनी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

वर्तमान समय में एकल परिवारों का चलन तेजी से बढ़ा है, जिससे बच्चों की देखभाल एक बड़ी चुनौती बन गई है, विशेष रूप से उन परिवारों के लिए जहां माता-पिता दोनों कामकाजी हैं। नवापारा जैसे कस्बाई शहरों में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अब शहर में भी पालना घर की सख्त आवश्यकता है। संयुक्त परिवार की परंपरा में बच्चों के पालन-पोषण में दादा-दादी, चाचा-चाची जैसे परिजन सहयोग करते थे। लेकिन अब अधिकतर परिवार एकल हो गए हैं। नवापारा की कुल जनसंख्या 45,000 से अधिक है, जिसमें लगभग 10,000 परिवार निवास करते हैं। इनमें से करीब 4,000 परिवार एकल हैं और अनुमानतः 500 से 1,000 ऐसे परिवार हैं जहां माता-पिता ⏭शेष पेज 12 पर

प्रस्ताव भेजेंगे : नपा अध्यक्ष

नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने कहा की नगर में पालना घर की आवश्यकता महसूस की जा रही है। कामकाजी महिलाओं को बच्चों की देखभाल के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हम शीघ्र ही महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रस्ताव भेजेंगे और विधायक इंदकुमार साहू से आग्रह करेंगे कि शहर में सुविधायुक्त पालना घर का निर्माण हो।

पालना घर की मांग तेज

नौकरी से लेना पड़ता है अवकाश : संध्या

नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ने कहा की नगर में एकल परिवारों की संख्या में वृद्धि के कारण पालना घर अब आवश्यकता बन गया है। कामकाजी माताओं को बच्चों की देखरेख के लिए नौकरी से अवकाश लेना पड़ता है या नौकरी छोड़नी पड़ती है। हम इस विषय पर नपा अध्यक्ष से चर्चा करेंगे और यदि आवश्यकता पड़ी तो मुख्यमंत्री से भी गुहार लगाई जाएगी।

पालना घर बच्चों के लिए सुरक्षित : योगिता

भाजपा नेत्री योगिता सिन्हा ने कहा की पालना घर बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण है, जहां वे खेलते, सीखते और देखभाल में रहते हैं। इससे महिलाओं को रोजगार और माता-पिता को मानसिक शांति मिलती है। मेरी मांग है कि शहर के मध्य में एक सर्वसुविधायुक्त पालना घर जल्द बनाया जाए।

सूखे पेड़ से टकराए बिजली तार, लगी आग 25 गांवों में बिजली सप्लाई ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के मुड़गेलमाल क्षेत्र में रविवार देर शाम उस वक्त हड़कंप मच गया जब तेज आंधी-तूफान के दौरान बिजली के तार एक सूखे पेड़ से टकरा गए और देखते ही देखते आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि तीन से चार किलोमीटर दूर से भी लपटें साफ दिखाई दे रही थीं। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास के लगभग 25 गांव अंधेरे में डूब गए।

स्थानीय लोगों के अनुसार, आग लगने के काफी समय बाद तक न तो बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे, न ही अग्निशमन विभाग की कोई टीम आई। आग पर काबू पाने की कोई तत्काल कोशिश नहीं की गई, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि

बिजली विभाग ने हाल ही में डेंजर जोन में आने वाले पेड़ों की छंटाई के नाम पर कई बार बिजली की आपूर्ति रोकी थी, लेकिन असल में कोई प्रभावी कार्य नहीं हुआ। यदि सही समय पर सूखे और खतरनाक पेड़ों को काटा ⏭शेष पेज 12 पर

खबर संक्षेप

मंत्री से मिलकर अपनी समस्या बताएंगे मंडी बोर्ड कर्मचारी महासंघ

रायपुर। मंडी बोर्ड प्रांतीय कार्यकारणी की बैठक संभागीय कार्यालय रायपुर पंडरी आयोजित की गई। जिसमें विषेश अतिथि सहित प्रांता अध्यक्ष, प्रांतीय सचिव के साथ प्रांतीय कार्यकारणी के सदस्य उपस्थित थे। रही विभिन्न मंडियों से आये कर्मचारी अपनी समस्याओं से अवगत कराया। प्रांता अध्यक्ष द्वारा कर्मचारी हित में अनेक निर्णय लिये गये। मंत्री व प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड के समक्ष कर्मचारी के समस्याओं को रखने का संकल्प पारित किया गया।

बीएससी नर्सिंग के प्रवेश पत्र जारी

रायपुर। व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने प्री बीएससी नर्सिंग के प्रवेशपत्र जारी कर दिए हैं। व्यापम द्वारा यह परीक्षा 29 मई को आयोजित की जा रही है। व्यापम की वेबसाइट के अलावा अभ्यर्थी रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर व्यापम द्वारा भेजे गए एसएमएस के यूआरएल लिंक पर क्लिक करके भी एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। समस्या समाधान के लिए व्यापम ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर दिए हैं।

बिल्डर पर अवैध निर्माण का आरोप, कार्रवाई की मांग

रायपुर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जय कुमार धनगर ने आरोप लगाया है कि जोन क्रमांक-10 के वार्ड 54 कांदुल रोड राशन दुकान के पीछे बोरियाखुर्द सीता वाटिका कॉलोनी एवं न्यू संतोषी नगर में बिल्डर द्वारा बिना नक्शा पास बिना लेआऊट के गुणवत्ताहीन मकान निर्माण कर बेचे जा रहे हैं, जिसकी शिकायत नगर निगम जोन-10 कमिश्नर से की जा चुकी है, परंतु कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इससे लग रहा है कि निगम कर्मचारियों एवं बिल्डर के बीच सांठगांठ है। आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर क्रमबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा।

कार में आग लगाने के बाद घर में फेंका आग का गोला

रायपुर। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के कुशालपुर स्थित एक घर के बाहर खड़ी कार में आग लगाने के बाद जलती हुई आग का गोला फेंकने के मामले में पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, जिसमें दो से तीन संदिग्ध दिख रहे हैं, जिन पर कार में आग लगाने की आशंका व्यक्त की गई है। बंजारी नगर निवासी अंकुश शुक्ला ने कार तथा घर में आग लगाने की शिकायत दर्ज कराई है। अंकुश ने पुलिस को बताया है कि 19-20 मई की दरमियानी रात अज्ञात बदमाश ने घर के बाहर खड़ी कार में आग लगा दी। इसके बाद जलती आग को खिड़की के रास्ते घर के अंदर फेंक दिया। इससे घर में रखा सामान पूरी तरह से जल गया और रसोई गैस सिलेंडर की ऊपर की जाली तथा पाइप आग की चपेट में आ गया। सिलेंडर के पूरी तरह से आग की चपेट में नहीं आने से एक बड़ी घटना टल गई।

निगम, मंडलों की तीसरी सूची के लिए अब इंतजार थोड़ा और लंबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आधा दर्जन से ज्यादा निगम, मंडल, पांच जिलों के सहकारी केंद्रीय बैंक और चार शक्कर कारखानों में भी अध्यक्ष की बची है नियुक्ति

प्रदेश सरकार ने निगम, मंडल और आयोग में अप्रैल में 36 पदों पर जिन भाजपा नेताओं को नियुक्ति किया, उनमें से आधा दर्जन के पदों में पेंच फंसा था। इसमें से चार पदों का पेंच सुलझाने के लिए एक संशोधित दूसरी सूची जारी करके तीन अध्यक्षों और एक उपाध्यक्ष को दूसरे पदों पर नियुक्त किया गया है।

अभी दो पदों का पेंच इसलिए फंसा है, क्योंकि इन पदों पर कांग्रेस शासनकाल के लोग विराजमान हैं। इसके लिए अभी थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। इसी तरह से अब जिन नेताओं को पद नहीं मिल सके हैं, उनको भी निगम, मंडल, आयोग की तीसरी सूची के लिए थोड़ा लंबा इंतजार करना पड़ेगा। अब तक भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष पर फैसला नहीं हो सका है। इसीलिए माना जा रहा है कि नए अध्यक्ष के चुनाव के बाद ही निगम, मंडल और आयोग की तीसरी सूची आएगी। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद करीब सवा साल बाद जाकर प्रदेश सरकार ने 34 निगम, मंडलों के 36 पदों पर भाजपा नेताओं की नियुक्ति की है।

इनमें से आधा दर्जन नेताओं के पदों पर पेंच भी फंसा गया था, ऐसे में इनका पदभार संभालना मुश्किल हो गया तो अततः प्रदेश सरकार ने इनको दूसरे निगम, मंडल में कुर्सी देने का काम किया है। दुग्ध महासंघ के अध्यक्ष बनाए गए केदार नाथ गुप्ता को जहां अपेक्स बैंक का अध्यक्ष बनाया गया, वहीं वित्त आयोग के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी को छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड का अध्यक्ष बनाया गया।

शालिनी राजपूत को समाज कल्याण विभाग के स्थान पर अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड बनाया गया। समाज कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष चंद्रक्रांति वर्मा को उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग बना दिया गया है।

इनमें नियुक्ति अभी बाकी

जिन निगम, मंडलों में अभी नियुक्ति बाकी है, उनमें मार्कफेड, लघु वनोपज सहकारी संघ, फिल्म विकास निगम, मत्स्य महासंघ, हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ, सिंधी अकादमी और सहकारी संघ शामिल हैं। इसी के साथ पांच जिलों के सहकारी केंद्रीय बैंक और चार शक्कर कारखानों में भी अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी है। इसके अलावा रायपुर विकास प्राधिकरण, गृह निर्माण मंडल जैसे निगम, मंडलों में उपाध्यक्षों के साथ सदस्यों के पद भी खाली हैं। इनकी संख्या भी डेढ़ दर्जन से ज्यादा है। इनमें भी नियुक्ति को लेकर प्रदेश सरकार का प्रदेश संगठन के प्रदेश और राष्ट्रीय नेताओं के साथ मंथन हो चुका है। लेकिन अब चूंकि सामने भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव आ गया तो भाजपा के सूत्रों का कहना है कि अब तो नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद ही तीसरी सूची का ऐलान हो सकेगा। तीसरी सूची से नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराने के बाद उनकी भी अनुमति लेनी होगी।

समस्या : सेमल की तस्करी बनी पर्यावरण विनाश का कारण, अमलीपदर क्षेत्र में हरियाली खतरे में

सेमल वृक्षों की कटाई पर्यावरण के लिए खतरा, अवैध तस्करी का सिलसिला जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

पर्यावरण संरक्षण की बातें अब सिर्फ भाषणों और कागज़ों तक ही सीमित होती जा रही हैं। जमीनी सच्चाई इससे बिलकुल उलट है। मैनपुर विकास खण्ड के अमलीपदर, उरमाल, धुर्वागुडी क्षेत्र में सेमल प्रजाति के पेड़ों की अवैध कटाई और तस्करी इन दिनों अपने चरम पर है। ट्रकों में भरकर सेमल की लकड़ियों को रायपुर-धमतरी और ओडिशा भेजा जा रहा है, वह भी बिना किसी फोरेस्ट या रेवेन्यू विभाग की जानकारी में लाए।

सूत्रों के अनुसार, तस्कर जेसीबी मशीनों और बड़े-बड़े पेड़ काटने वाले यंत्रों की मदद से पेड़ों की ढोलाई कर रहे हैं और फिर उन्हें भारी वाहनों में लादकर तस्करी कर रहे हैं। यह सब कुछ दिनदहाड़े हो रहा है, बावजूद इसके प्रशासनिक स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है।

एक तरफ जहां अवैध कटाई से हरियाली नष्ट हो रही है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्रवासी दोहरी मार झेल रहे हैं पर्यावरणीय असंतुलन और राजस्व की हानि। सेमल के अलावा बबूल और अन्य पेड़ भी ईंट भट्टों के लिए जलाए जा रहे हैं। लगातार हो रही पेड़ों की कटाई का असर अब साफ दिखाई देने लगा है गर्मी के मौसम में बेवक्त बारिश, तापमान में भारी उतार-चढ़ाव और जल संकट इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि ग्लोबल वार्मिंग जैसी वैश्विक समस्याओं के पीछे स्थानीय स्तर पर हो रही ऐसी अवैध गतिविधियाँ भी ज़िम्मेदार हैं। अगर यह सिलसिला यूं ही चलता रहा तो आने वाली पीढ़ियां सेमल जैसे पेड़ों को सिर्फ तस्वीरों में ही देख सकेंगी। गौर करने वाली बात यह है कि इस गंभीर मुद्दे को कई बार स्थानीय जिम्मेदार लोगों द्वारा उठाया है, लेकिन फिर भी नतीजा सिफर रहा है। संबंधित विभाग की निष्क्रियता और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता इस संकट को और गहराती जा रही है।

राजस्व क्षेत्र में हो रही है कटाई

इस संबंध में चर्चा करने पर वन विभाग के एसडीओ राजेंद्र प्रसाद सोरी ने बताया की वन क्षेत्र में पूर्व में इस तरह की अवैध कटाई की जानकारी मिली थी तो वन विभाग द्वारा इस पर कार्यवाही किया गया था और लगातार कार्यवाही जारी है लेकिन राजस्व क्षेत्र में अवैध कटाई होने पर इसमें राजस्व अमला को भी सहयोग करने की जरूरत है। श्री सोरी ने बताया पिछले दिनों धवलपुर क्षेत्र में भी सेमल वृक्ष की अवैध कटाई पर कार्यवाही किया गया था उन्होंने बताया कागज फैक्ट्री में इसकी सप्लाई करने की जानकारी मिली है।

समाधान की राह क्या है?

सरकार और प्रशासन को इस पर तत्काल संज्ञान लेने की आवश्यकता है। पेड़ कटाई पर सख्त प्रतिबंध, तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, और स्थानीय लोगों में जागरूकता ही इस संकट को टाल सकती है। साथ ही, वृक्षारोपण अभियानों को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करना अब केवल विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन गया है।आज जरूरत है कि हम सब मिलकर इस पर्यावरणीय आपदा को रोकने के लिए कदम उठाएँ, वरना कल यह विनाश हमारी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य निगल जाएगा।

प्री-मानसून बारिश से सक्रिय हुए किसान खेतों की तैयारी शुरू

सोसायटियों में खाद बीज का हो रहा है वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

प्री मानसून के बारिश ने अंचल मे चिलचिलाती धूप से जहां गर्मी से राहत दिलाई है। वहीं पर इस साल मानसून के शीघ्र बारिश होने का अनुमान लगाया जा रहा है जिसके चलते किसान खेती किसानी की तैयारी करने मे जुट गए हैं। सोसायटियों मे खाद बीज का हो रहा है वितरण।

अंचल में प्री मानसून का बारिश होने से तापमान मे कमी के साथ साथ मौसम में नमी छाई हुई है। हालांकि उमस वाली गर्मी का क्रम बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार इस बार मानसून की बारिश केरल से मुंबई पहुंच गया है और 5 जून से लेकर 10 जून तक बस्तर संभाग पहुंचने का अंदेशा जता रहे हैं जिसके चलते बारिश मे तेजी होने के आसार बन रहे हैं। इन स्थितियों का भांपकर किसान भी खेतों में घुरूवा खाद के साथ साथ अकरस जुताई करने में जुट रहे हैं। इधर खेती बाड़ी को लेकर फिंगेश्वर के 8 सोसायटियों मे खाद एवं बीज का वितरण लगभग डेढ़ माह से किया जा रहा है। किसानों भी खरीफ फसल को लेकर खाद बीज का अपने घरों में भंडारण कर रहे हैं।

आईसेक्ट में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

शहर के आईसेक्ट में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने बहुत उत्साह से भाग लिया। आईसेक्ट द्वारा फ्री हैंड स्टाइल चित्रकला में पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओ, जल संरक्षण नदी संवर्धन जैसे थीम पर प्रतियोगिता आयोजित की गई । सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की गई प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों चित्रकला कौशल को बढ़ावा देने के साथ पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन के प्रति जागरूक करना है। आईसेक्ट के संचालक बलराम देवांगन ने बताया कि संस्थान में कंप्यूटर शिक्षा के साथ सभी प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाती है। उसी क्रम में आईसेक्ट समर क्लासेज के छात्रों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। उत्कृष्ट चित्रकला का चयन कर छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता में आईसेक्ट के प्रशिक्षक साखी निर्मलकर, खिलेश्वरी साहू, भुनेश्वरी साहू, विजय यादव, पूर्वी साहू एवं शुभ यादव का विशेष योगदान रहा।

मातृ मृत्यु दर कम करने प्रसूताओं की विशेष निगरानी के निर्देश

रायपुर। मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए गर्भवती महिलाओं की विशेष निगरानी की जाए। इसके अलावा बिना जोखिम प्रसव के लिए स्वास्थ्य केंद्रों में देखभाल क्लीनिक खोला जाए। आयुक्त सह संचालक डाक्टर प्रियंका शुक्ला ने स्वास्थ्य केंद्रों के निरीक्षण के दौरान विभिन्न निर्देश जारी किये। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायपुर डॉ. मिथिलेश चौधरी भी साथ उपस्थित रहे। डॉ. प्रियंका शुक्ला ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर, हीरापुर, गोगांव एवं अर्बन आयुर्वेदिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दौरा किया। उन्होंने मातृ मृत्यु दर जो वर्तमान में 132 प्रति एक लाख है, उसमें कमी लाने बेहतर प्रयास के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह की 9 और 24 तारीख को विशेष जांच प्रत्येक केंद्र में हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं को सूचीबद्ध कर निकटतम केंद्र बुलाया जाए। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी हो तथा यह स्पष्ट किया जाए कि किस महिला का प्रसव किस केंद्र में होना है।

आमामोरा ओड़ के आश्रित ग्राम नगरार में लगा स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

उग्राम ग्रीष्म ऋतु खत्म होने को है बीच बीच में मानसून पूर्व बारिश भी लगातार हो रही है। ऐसे में नमी और उमस भरे मौसम में लोगों को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं शुरू हो जाती हैं।गत दिवस आमामोरा ओड़ पंचायत के एक आश्रित ग्राम नगरार में कुछ लोगों के बुखार पीड़ित होने की सूचना प्राप्त होने पर गरियाबंद जिला की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गार्गी यदु पाल के निर्देशानुसार तत्काल खंड चिकित्सा अधिकारी गरियाबंद डॉ. बी. बारा द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर ओड़ की स्वास्थ्य टीम को जीवन रक्षक आवश्यक मेडिसिन कीट और जांच सामग्रियों और उपकरणों के साथ आमामोरा ओड़ के आश्रित ग्राम नगरार भेजा गया । बरसात के दिनों में उड़ीसा राज्य की सीमा से लगा गरियाबंद जिले के सुदूर पहाड़ियों और घने जंगलों के बीच बसा आमामोरा ओड़ तक पहुंचने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बारिश से भीगते हुए जगह जगह पथरीली नदी नालों पहाड़ी रास्तों से चट्टानों को पार कर टीम नगरार पहुंची । और सोहद्रा बाई मितानिन के सहयोग से स्वास्थ्य टीम ने घर घर घूमकर गांव में बुखार पीड़ित मरीजों की खोज कर मलेरिया जांच किया। स्वास्थ्य शिविर में कुल 32 मरीजों में बुखार पीड़ित 24 मरीजों की आरडी टेस्ट किट जांच में कोई भी मलेरिया धनात्मक रोगी नहीं मिला। टीम द्वारा मरीजों को लक्षणों के आधार पर आवश्यक दवाई देकर उपचार किया गया। और साथ ही ग्राम में भ्रमण कर अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का संपादन किया गया। स्वास्थ्य टीम में उप स्वास्थ्य केंद्र ओड़ के आरएचओ ज्ञानदास मानिकपुरी, सीएचओ दुर्गेश कुमार, और एमटी नेकराम शामिल रहे।

कांग्रेस हमेशा सेना और सुरक्षा बलों पर शक करती है : संजय श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ में चले नक्सल-विरोधी ऑपरेशन में हार्डकोर नक्सली बसव राजू समेत 27 नक्सलियों के मारे जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री गृह मंत्री विजय शर्मा की प्रेस कॉन्फ्रेंस को लेकर दिए गए बयान पर कहा, कांग्रेस हमेशा सेना और सुरक्षा बलों पर शक करती है एवं सुरक्षा बलों का मनोबल कमतर करने का काम करती रहती है।

नक्सलवाद पर भूपेश बघेल और कांग्रेस नेता लगातार शर्मनाक टिप्पणियां कर रहे हैं और इनके आका नक्सलियों के खिलाफ चल रही कार्रवाई रुकवाने के लिए लगातार एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। श्री श्रीवास्तव ने कहा, नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए ऑपरेशन से कांग्रेस के लोग जिस तरह छाती पीट रहे हैं, वह यकीनन शर्मनाक है। श्री बघेल समेत तमाम कांग्रेसियों को तो इस बात पर खुश होना चाहिए कि झीरम नक्सली हिंसा, जिसमें कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की एक पूरी पीढ़ी शहीद हो गई थी, के खलनायक रहे राजू को सुरक्षा बलों ने मार गिराया। यह दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति कांग्रेस ने अपने पांच साल के शासनकाल में नहीं दिखाई और भाजपा ने महज लगभग डेढ़ साल के शासनकाल में नक्सलवाद के खिलाफ दृढ़ संकल्प के साथ काम करके दिखा दिया है।

पेज 11 के शेष...

घर में घुसे डकैत...

चोर घर के पीछे से चैनल गेट तोड़कर वहां पहुंचे। बदमाशों ने सबसे पहले परिवार के सदस्यों को बंधक बनाया और दूसरे कमरे में बंद कर दिया। इस दौरान चोरों ने धमकी दी कि अगर किसी ने शोर मचाया या पुलिस को सूचना दी तो जान से मार देंगे।

बताया गया कि चोर हथियारों के साथ बहुत ही सटीक योजना बनाकर आए थे। उन्होंने सभी मोबाइल फोन अपने कब्जे में ले लिए। इसके बाद घर की अलमारी में रखी नकदी और जेवरात लेकर फरार हो गए। परिवार किसी तरह बंधक से मुक्त हुआ और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस के आला अधिकारी, फोरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीम भी जांच के लिए पहुंच गई

पुलिस टीम फोरेंसिक विशेषज्ञों के साथ घटनास्थल की बारीकी से जांच कर रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। आशंका है कि चोरों ने घटना से पहले रेकी की होगी। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव जैसे शांत इलाके में ऐसी घटनाएं होने से वे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने रात्रि गश्त, चेकिंग और सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

एकल परिवारों में...

दोनों नौकरी करते हैं। ऐसे परिवारों के लिए बच्चों की देखभाल एक बड़ी समस्या बन गई है। वहीं नवापारा-राजिम जैसे विकसित हो रहे कस्बों में पालना घर अब कोई विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता बन गए हैं। प्रशासन, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से यदि जल्द ही इसकी शुरुआत होती है, तो यह न केवल कामकाजी माता-पिता के लिए राहतदायक होगा, बल्कि बच्चों के सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

पालना घर क्यों है यह जरूरी ?- पालना घर 3 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों की देखभाल के लिए होता है, जहां बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ और शिक्षाप्रद वातावरण में रखा जाता है। यह सुविधा मुख्यतः दिन के समय में होती है। बड़े शहरों में कई पालना घर सरकारी और निजी दोनों स्तर पर संचालित किए जा रहे हैं। यहां सीसीटीवी कैमरे, खेल सामग्री, शिक्षण साधन, झूले और प्राथमिक चिकित्सा की सुविधाएं होती हैं। ऐसे केन्द्रों का संचालन अक्सर महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा किया जाता है।

सूखे पेड़ से टकराए...

गया होता, तो शायद आज यह दुर्घटना टल सकती थी। स्थानीय निवासियों ने यह भी आशंका जताई है कि आने वाले दिनों में फिर से लाइन कटौती कर पेड़ों की छंटाई के नाम पर सिर्फ बिजली बाधित की जाएगी, लेकिन ज़मीनी स्तर पर कोई ठोस काम नहीं होगा। इस हादसे ने बिजली विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह होगा कि विभाग इस घटना से सबक लेकर वाकई डेंजर जोन की पहचान कर आवश्यक कार्य करता है, या फिर यह सिलसिला यूं ही चलता रहेगा, लाइन को सुबह से लेकर शाम तक बिजली को गुम किया जाएगा और आम लोग परेशान होते रहेंगे। जिले के मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के दूरस्थ में बसे ग्रामों के लोग बिजली की लचर व्यवस्था से बेहद परेशान हो गए हैं मेंटेनेंस के नाम पर यहां बिजली तो बंद किया जाता है लेकिन बावजूद इसके हल्की हवा आंधी तूफान में बिजली बंद होना आम बात हो गया है बिजली कि लो वोल्टेज भी कई लोगों को परेशान करके रखा हैं।

छत्तीसगढ़ में मेदांता अस्पताल और वरुण ब्रेवरेजेस संयंत्र की स्थापना का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य और उद्योग क्षेत्र में बड़े निवेश की दिशा में अहम कदम बढ़ाते हुए शनिवार को नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से दो प्रमुख उद्योग समूहों ने मुलाकात की। मेदांता अस्पताल के संस्थापक और प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेश त्रेहन ने रायपुर में एक अत्याधुनिक मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल स्थापित करने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने बताया कि वे इस परियोजना में लगभग 500 करोड़ रुपये का निवेश करना चाहते हैं। यह अस्पताल उन्नत चिकित्सा तकनीक, विशेषज्ञ डॉक्टरों, रिसर्च और प्रशिक्षण सुविधाओं से लैस होगा। वहीं, वरुण ब्रेवरेजेस लिमिटेड के चेयरमैन रवि जयपुरिया ने रायपुर में कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स और फ्रूट जूस आधारित संयंत्र लगाने का प्रस्ताव दिया, जिसमें 250 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा। यह परियोजना राज्य में औद्योगिक विकास के साथ-साथ रोज़गार सृजन को गति देगी।

विचार का हरसंभव मदद देगी सरकार : साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दोनों प्रस्तावों का स्वागत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार स्वास्थ्य और उद्योग जैसे क्षेत्रों में ऐसे गुणवत्तापूर्ण निवेश के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा, ये दोनों परियोजनाओं पर राज्य शासन विचार कर इसे हरसंभव मदद देगी, इस प्रकार की परियोजनाओं से जनता को लाभ और युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी सुलभ होंगे।

संकलनकर्ता- भागीरथी सिन्हा, हरिभूमि संवाददाता, छुईया मो. 9589469068

शिखा सिन्हा

खबर संक्षेप

सरकार सुशासन तिहार में मस्त जनता कुशासन से त्रस्त : यादव

मैनपुर। भाजपा सरकार सुशासन तिहार मनाकर मस्त नजर आ रही है। वहीं जनता समस्याओं से त्रस्त हो चूके हैं उक्त बाते ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर महामंत्री गेंदु यादव ने कहा। श्री यादव ने कहा कि भाजपा के सुशासन तिहार सिर्फ दिखावा बनकर रह गया है क्षेत्र में जहां भी

सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है वहां अधिकारियों की भीड़ ज्यादा और जनता की भीड़ कम दिखाई दे रही है और तो और क्षेत्र में भाजपा के बड़े नेता ही शिविर में समस्याओं का समाधान नहीं होने से सवाल खड़े कर रहे हैं आकड़ों में समस्याओं का कागजी तौर पर समाधान किया जा रहा है। श्री यादव ने कहा की जबसे छत्तीसढ़ में भाजपा की सरकार बनी हैं जनता त्रस्त हो चूकि है। गांव में मनरेगा योजना का कार्य बंद हो चूका है। मजदूर पलायन करने मजबूर हो रहे है। प्रदेश में आए दिनों हत्या, बालतकार, लूट, डकैती आम बात हो गई है। प्रदेश अपराधगढ़ बन गया है श्री यादव ने तंज कसते हुए कहा की आज ये सरकार कोई काम अच्छे से कर रही है तो वह सिर्फ शराब बेचने का काम, नया शराब दुकान खोलने का कार्य पूरे प्रदेश में अच्छे से हो रहा है जबकि भाजपा ने चुनाव से पहले शराब बंदी का वादा किया था।

शराब का अवैध परिवहन दो आरोपी गिरफ्तार

फिंगेश्वर। नशीली टैबलेट बिक्री एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध प्रभावित कार्यवाही कर रोक लगाने के संबंध में निर्देश दिए हैं जिसके परिपालन मे जिले के समस्त थाना प्रभारी अपने अपने थाना क्षेत्र में प्रमुख रूप से सक्रिय होकर कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम मे थाना प्रभारी फिंगेश्वर को मुखबिर से सूचना मिली की आरोपी घनाराम साहू पिता तिहारू साहू उम्र 56 साल साकिन बेलर थाना फिंगेश्वर के अवैध रूप से शराब रखे हैं कार्यवाही मे उनके कब्जे से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की गई जिसकी बाजार कीमती 3000 रूप्या है।इसी क्रम में आरोपी दीनबंधु ढीढी पिता स्वद्द दाउ लाल ढीढी उम्र 35 साल साकिन कुण्डेल थाना फिंगेश्वर के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की गई जिसके बाजार कीमत 2000 रू है। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट 34(2)के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।

रेशम भवन जर्जर विभाग नहीं दे रहा ध्यान

मैनपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 3 किलो मीटर दूर ग्राम पंचायत जाड़ापदर में शासन द्वारा रेशम भवन का निर्माण किया गया है। यह भवन बेहद जर्जर और खराब स्थिति में पहुंच गया है। टूट टूट कर गिर रहा है लेकिन संबंधित विभाग का इस ओर कोई ध्यान नहीं है जबकि इसकी मरम्मत किया जाना चाहिए या इसके स्थान पर नया भवन का निर्माण किया जाना चाहिए।

आज के दौर में छल-कपट को बुद्धिमत्ता व धन को गुण का दर्जा मिल रहा है : रमाकांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

कथा के आठवें दिन सुदामा के चरित्र का वर्णन किया

श्री नीलकंठ महादेव मंदिर में चल रहे श्रीमदभागवत कथा के अष्टम दिवस आचार्य रमाकांत शर्मा ने कथा को विराम देने के पहले सुदामा के चरित्र का वर्णन किया। मगधराज जरासंध की मृत्यु हो जाने पर सभी राजाओं को कैदी बना रखा था उन्हें कल दर से मुक्त कर दिया। मुक्त हुए राजाओं ने भगवान श्री कृष्ण की स्तुति की। कथा प्रसंग के दौरान बताया कि सुदामा संदीपनी के आश्रम में जब पढ़ते थे तब भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता हुई। पढ़ाई के बाद कृष्ण मथुरा आ गए और सुदामा पोरबंदर में रहने लगे। सुदामा साधारण ब्राह्मण नहीं था। ब्राह्मण ब्रह्मा ज्ञान का उपयोग उन्होंने कभी अर्थ उपार्जन में नहीं किया। कथा बढ़िया करते थे अच्छी करते थे किंतु अपने नारायण को सुनते अयाची ना मांगने का व्रत है। कोई वैष्णव स्वयं आकर के दे जाता था तो उनके घर की रसोई बनती थी अन्यथा भगवान को धन्यवाद देते हुए उपवास करते थे। ब्राह्मणों का धन संतोष होना चाहिए। यह धन सुदामा के पास पूर्ण रूप से परिपूर्ण ब्राह्मणों का गौरव था। परीक्षित मोक्ष की कथा को आचार्य शर्मा ने एक नए ढंग से व्याख्या की। द्वापर का युग कृष्ण के साथ पूरा हुआ। कलयुग आरंभ हुआ फिर कलिकाल में जो धनवान है वही गुणवान कहलाएगा। जो छल कपट में निपुण है वह बुद्धिमान कहलाएगा। तीर्थ में रहने वाले पाप कर्म में लगे रहेंगे। सुखदेव जी ने राजा परीक्षित से कहा कि राजा तुम्हारे प्रश्न के उत्तर में मैं भागवत कथा का श्रवण कराया। तुम्हारे साथ मैं भी कृतार्थ हो गया। संतों का जीवन तो बहुत ही श्रद्धा की भांति होता है। आचार्य रमाकांत शर्मा ने गीता पर प्रवचन करते हुए बताया कि छल कपट ही नरक है। परोपकार का भाव आए। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में मातृशक्तियां मौजूद रही।

आयोजन : झीरम में शहीद हुए कांग्रेस नेताओं को दी गई श्रद्धांजली

झीरम हमले में शहीद हुए कांग्रेस के नेताओं के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता : ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर हमर मैनपुर चौक में ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा झीरम घाटी में 25 मई 2013 को हुए नक्सली हमले में शहीद नेताओं और जवानों को नमन करते हुए उन्हे अपनी विनम्र श्रद्धाजंलि अर्पित की गई, कांग्रेस द्वारा श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन कर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, विद्याचरण शुक्ल, महेन्द्र कर्मा, दिनेश पटेल, उदय मुदलियार सहित झीरम घाटी हमले मे शहीद हुए सभी कांग्रेस नेताओं शहीद जवानों को याद करते हुए दो मिनट मौन रखकर श्रद्धाजंलि अर्पित की गई, इस दौरान मोमबत्ती जलाई गई और पूरे नगर सहित क्षेत्रभर से पहुंचे कांग्रेस नेताओं व कार्यक्रर्ताओं ने पुष्पाजंली अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया।

- हमर मैनपुर चौक में ब्लाक कांग्रेस द्वारा श्रध्दाजंलि सभा का किया गया आयोजन

शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी : संजय

जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने शहीदों को श्रध्दाजंली अर्पित करते हुए कहा कि उनकी शहादत व्यर्थ नहीं जायेगी। झीरम की शहादत को भुल पाना असभंव है कांग्रेस पार्टी ने इस हमले में अपने कई बड़े नेताओं को खो दिए हैं, आज हम इन शहीद नेताओं के बताए रास्तों पर चलकर कांग्रेस को और अधिक मजबुत करने की जरूरत है। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा कि छत्तीसगढ प्रदेश में कांग्रेस के कई नेता आज के दिन शहीद हो गए थे उनकी शहादत को याद करने यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

ये रहे उपस्थित

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, नेहाल नेताम, खेदु नेगी युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, खेलन साहू, शाहीद मेमन, डोमार साहू, जाकीर रजा,लिकेश यादव, पवन जगत, ढुलेन्द्र नेगी, विरेन्द्र श्रीवास्तव, दिलवर पटेल, हरिश्वर पटेल, रामदेव ध्रुव, विमल ध्रुव, जयलला ध्रुव, थानुराम पटेल, नंद किशोर पटेल, तनवीर राजपूत, गजेन्द्र यादव, विरेन्द्र राजपूत, रोहन मरकाम ब्रिज सोनवानी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कांग्रेस नेताओं को दी श्रद्धांजलि

नवापारा-राजिम। 25 मई 2013 को झीरम घाटी नक्सली हमले में शहीद हुए कांग्रेस नेताओं को पूर्व विधायक धनेंद्र साहू के कार्यालय संगवारी में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि देने वालों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रामा यादव, नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष चतुर जगत, बीरबल राजपूत, शाहिद रजा, मानसिंह ध्रुव, घनश्याम साहू, रघुवीर निर्मलकर, अशोक यादव शामिल थे। कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने बताया कि 25 मई 2013 के नक्सली हमले में कांग्रेस के बड़े-बड़े नेताओं की हत्या नक्सलियों द्वारा की गई। इस घटना में विद्याचरण शुक्ला, महेंद्र कर्मा, नंद कुमार पटेल, उदय मुदलियार, योगेंद्र शर्मा, दिनेश पटेल जैसे बड़े नेताओं की जान चली गई।

आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि झीरम हमलें में शहीद हुए कांग्रेस के नेताओं के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। विधायक जनक ध्रुव ने कहा झीरम मामले के 12 साल पूरे होने के बावजूद पीड़ितों के परिजनों और घायलों को न्याय नहीं मिला। भाजपा की सरकारों ने हमेंशा झीरम की जांच को रोकने का प्रयास किया है। श्री ध्रुव ने कहा की आज का दिन कांग्रेस के लिए बेहद पीड़ा का दिन है हमने अपने नेताओं को खोया था कांग्रेस के लिए झीरम वह घाव है जो कभी नही भर सकता यह घटना देश के लोकतंत्र के माथे पर लगा वह कलंक है जो कभी नहीं मिट सकता।

ब्लाक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव, महामंत्री निहाल नेताम ने कहा कि आज हम सब संकल्प लेने की जरूरत है कि कांग्रेस के शहीद हुए नेताओं के बताए रास्तो पर चलकर संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धाजंलि होगी।

एनएसपी छात्रवृत्ति परीक्षा में थानेश्वर और सूरज चयनित

मैनपुर। विकासखंड मैनपुर अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देहारगुड़ा ऐसा स्कूल है जहां से दो होनहार विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण छात्रवृत्ति के लिए हुआ है। प्रधान पाठक चित्रसेन पटेल ने बताया कि हमारे विद्यालय में प्रतिवर्ष होनहार विद्यार्थएं निकलते हैं शिक्षा सत्र 2024– 25 में कक्षा आठवीं से थानेश्वर कुमार और सूरज नागेश का चयन हुआ है और उन्हें कक्षा नवमी से बारवीं तक 1000 प्रति माह शासन द्वारा प्राप्त होगा इससे वह अपनी पढ़ाई के लिए आवश्यक सामग्री क्रय कर अपनी प्रतिभा का विकास कर सकेंगे जिला शिक्षा अधिकारी ए के सारस्वत, जिला मिशन समन्वयक खेल सिंह नायक , नोडल अधिकारी श्याम चंद्राकर ,विकासखंड शिक्षा अधिकारी महेश राम पटेल, विकासखंड स्त्रेत समन्वयक शिव कुमार नागे, संकुल प्राचार्य गोविंद पटेल, संकुल समन्वयक मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन एवं संस्था के प्रधान पाठक चित्रसेन पटेल के सतत अभ्यास कराने एवं स्कूल के सभी शिक्षक कांतिलाल साहू, श्रीमती तारा साहू, श्रीमती सूरैय्या टंडण्वीर एवं विशेष मार्गदर्शन रूपेंद्र कुमार पटेल के सम्मिलित प्रयास से विद्यार्थियों का चयन हुआ है उनके इस उपलब्धि पर सरपंच महेश दीवान, ग्राम पटेल पवन दीवान ,देवन नेताम ,पूर्व सरपंच श्रीमती डिगेश्वरी सांडे ,जुगलाल, कीर्तन, लीलाधर, संजय ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी है।

भाजपा मैनपुर मंडल की नई टीम घोषित चार उपाध्यक्ष और 2 महामंत्री बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय की अनुमति और जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर के सहमति से भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव द्वारा मैनपुर मण्डल कार्यसमिति घोषित की गई है। मंडल अध्यक्ष संतोष यादव ने संगठन की सहमति से 46 सदस्यीय टीम बनाई है जिसमे भाजपा नेता महेश कश्यप और घनश्याम मरकाम को महामंत्री नियुक्त किया गया है कार्यकारिणी में चार उपाध्यक्ष और चार मंत्री नियुक्त किए गए हैं सबसे खास बात यह है कि इस बार के कार्यसमिति में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए टीम में 10 महिलाओं को स्थान मिला है। इस दौरान नई कार्यसमिति में मंडल उपाध्यक्ष तिजुराम सिन्हा, मनोज मिश्रा, अनुप कश्यप, हेमेश्वरी कश्यप, महामंत्री घनश्याम मरकाम, महेश कश्यप, मंत्री नीतू ध्रुव, परमीला सोनवानी, रोहित नायक, सुहागा पाड़े, कोषाध्यक्ष महेन्द्र सोनी, कार्यकारिणी सदस्य पुष्पा नेगी, कुमारी बाई पटेल, नंदनी नेताम, रूपेश साहू, मोहित द्विवेदी, गौरीबाई नागेश, तुलसी राठौर, दिनेश शर्मा, पंडित नंदकिशोर चौबे, विजय बहादुर परिहार, डाकेश्वर नेगी, सुधीर ठाकुर, राजेन्द्र तिवारी, बाबूलाल साहू, हेमलाल यादव, तुलेश राजपूत, किशोर यदु, सरवन नेताम, चौतुराम नागेश, गेमलाल साहू, नैनसिंह नेताम, शब्बीर मेमन, दाउलाल नेताम, प्रभुलाल सोरी, तिजु पटेल, कुलेश्वर सिन्हा, रामजी साहू, देवन नेताम, अनधर सिन्हा, बिसेश्वर सिक्का, युनुस मेमन, दिलीप साहू, सरिता ठाकुर, राकेश दुबे, जमुना बाई पटेल, को नियुक्ति किया गया है वहीं पूर्व मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, रामस्वरूप साहू, हरिनाथ यादव, रामदास वैष्णव, नरोत्तम साहू, रूपेश साहू, फरसुराम नेताम, लच्छिन्दर दिवान, प्रभुलाल सोरी, दिनाचंद मरकाम, प्रभुलाल विश्वकर्मा, मनोहर बघेल, यमराज ओंटी, लखनगिरी गोस्वामी विशेष आमंत्रित सदस्य बनाये गये है। मंडल अध्यक्ष संतोष यादव ने कहा कि नई कार्यसमिति पार्टी की रीति व नीतियों के अनुरूप काम करेगी। महामंत्री महेश कश्यप ने कहा कि सभी पदाधिकारी जनसेवा को प्राथमिकता देंगे वे संगठन की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए काम करेंगे। इस दौरान नई कार्यसमिति घोषित होते ही मैनपुर भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए मिठाई बांट नए पदाधिकारियों का स्वागत किया है।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

महासमुंद। खेल संघों एवं संस्थाओं के माध्यम से महासमुंद जिले में विभिन्न खेलों में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हैंडबॉल, बास्केटबॉल, फुटबॉल, रग्बी, सॉफ्टबॉल, हॉकी, लॉन टेनिस, एथलेटिक्स, तीरंदाजी, ताइक्वांडो, कराते, शतरंज, योगा खेल शामिल होंगे। मिनी स्टेडियम महासमुंद में बॉस्केटबाल, हैंडबॉल, हॉकी, बॉल बैडमिंटन, नेटबॉल, फॉरेस्ट विद्यालय में लॉन टेनिस, बैडमिंटन, कराते क्लॉस, खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर भोरिंग में तीरंदाजी, मुख्यालय में फुटबॉल, ताइक्वांडो, तुमगांव में सॉफ्टबॉल एवं रग्बी, शाउमावि बेमचा में हॉकी एवं बॉल बैडमिंटन, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मचेवा में शतरंज एवं एसबीआई ऑफिस के ऊपर में योगा इत्यादि खेलों का आयोजन जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण के मार्गदर्शन एवं सहयोग से किया जा रहा हैं। खेलों को संचालित करने में सहयोगी एवन कुमार साहू तीरंदाजी प्रशिक्षक खेलों इंडिया सेंटर, सैय्यद इमरान अली, अंकित लूनिया, नीलेश पांडे, शुभम तिवारी, संदीप पटले, सत्यनारायण दुर्गा आदि द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

20 हजार पदों पर पहले पदोन्नति हो फिर किया जाए युक्तियुक्तकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ के प्रदेश सह-संचालक विनोद सिन्हा ने जानकारी दी है कि प्रदेश में प्राचार्य, व्याख्याता, प्रधान पाठक (प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक) और शिक्षक वर्ग के करीब 20 हजार पद पदोन्नति हेतु रिक्त हैं, लेकिन विभाग द्वारा पहले पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने के बजाय युक्तियुक्तकरण की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है, जिससे शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है।

उन्होंने कहा कि यदि पहले से रिक्त पदों पर पदोन्नति कर दी जाए तो अधिकांश शिक्षक उच्च पदों पर समायोजित हो सकते हैं और युक्तियुक्तकरण की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी। परंतु शिक्षा विभाग सेटअप 2008 को दरकिनार करते हुए शालाओं में शिक्षक संख्या घटा रहा है, जिससे शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

शिक्षा गुणवत्ता अभियान पर उठे सवाल- विनोद सिन्हा ने सवाल उठाया कि जब शालाओं में शिक्षकों की ही कमी होगी, तो मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान कैसे सफल हो पाएगा? उन्होंने

बताया कि प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं में न्यूनतम छात्र संख्या के आधार पर एक-एक शिक्षक कम किया जा रहा है, वहीं हायर सेकेंडरी स्कूलों से कॉमर्स विषय के व्याख्याताओं के पद भी घटाए जा रहे हैं। यह सब शिक्षा के अधिकार कानून की आड़ में किया जा रहा है, जबकि वास्तविकता में यह गुणवत्ता शिक्षा के विरुद्ध एक बड़ा कदम है।

संगठनों की प्रमुख मांगें- छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, संयोजक सुधीर प्रधान, उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, वाजिद खान, बसंत चतुर्वेदी, प्रवीण श्रीवास्तव, डॉ. कमल वैष्णव, मनोज सनाढ्य, शैलेंद्र पारीक, यशवंत बघेल, पूरन साहू, परमेश्वर निर्मलकर समेत साझा मंच से जुड़े 23 संगठनों ने निम्नलिखित मांगें रखी हैं।

1. रिक्त पदों पर तत्काल पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण की जाए
2. सेटअप 2008 के अनुसार ही युक्तियुक्तकरण किया जाए
3. जनरल ऑर्डर जारी कर क्रमोन्नति दी जाए
4. प्रथम सेवा अवधि की गणना कर पेंशन व सेवा लाभ दिए जाएं
5. बीएड और डीएलएड दोनों को प्रशिक्षित मानकर पदोन्नति दी जाए

मंत्रालय घेराव की चेतावनी

इन मांगों पर अब तक कोई निर्णय नहीं होने से शिक्षक वर्ग में असंतोष है। साझा मंच ने घोषणा की है कि यदि समय रहते निर्णय नहीं लिया गया, तो 28 मई को प्रदेशभर के शिक्षक मंत्रालय का घेराव करेंगे।

निधन

सुंदर लाल साहू

छुरा। ग्राम खरखरा निवासी सुंदर लाल साहू का निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वे लेब टेक्नीशियन दिनेश साहू के पिता थे।

सुरेंद्र कुमार सोनवानी

छुरा। हाईस्कूल सिवनी में पदस्थ व्याख्याता सुरेंद्र कुमार सोनवानी का निधन हो गया। नगर में विगत 35 वर्षों से लगातार शिक्षकीय कार्य से जुड़े थे।

भारत की सैन्य शक्ति और पराक्रम को लेकर मातृशक्ति ने दिखाया उत्साह

शौर्य यात्रा में जिलेभर की मातृशक्ति ने बढ़-लिया चढ़कर भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

भारत-पाकिस्तान सीजफायर के बाद देशभर में सैन्य शक्ति, युद्ध नीति और भारत की वैश्विक स्थिति को लेकर चर्चाएं तेज हैं। इसी क्रम में गरियाबंद में राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच द्वारा आयोजित /"ऑपरेशन सिंदूर शौर्य संगोष्ठी एवं गौरव यात्रा का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

गांधी मैदान से निकली गई शौर्य यात्रा में जिलेभर की मातृशक्ति ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यात्रा के पश्चात आयोजित संगोष्ठी में भारतीय सेना के अदम्य साहस, नेतृत्व क्षमता एवं रणनीतिक कुशलता को जनमानस के समक्ष रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सह कार्यवाह गोपाल यादव उपस्थित रहे। तोकेश्वरी मांझी पूर्व जनपद अध्यक्ष, छुरा, मृदुला निर्मलकर शिक्षिका, एवं छत्रपाल सिन्हा पूर्व सैनिक विशिष्ट अतिथि रहे। मंच संचालन विनीता शर्मा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। गोपाल यादव ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देते हुए भारतीय सेना के साहस, अनुशासन और विवेकशील नेतृत्व की प्रशंसा की। मुख्य वक्ता पुष्पांजलि सिन्हा मानस मंडली व्याख्याकार एवं शिक्षिका ने कहा कि आज भारत वैश्विक पटल पर मजबूती से खड़ा है। भारत सरकार के दृढ़ नेतृत्व और सेना की कुशल रणनीति के चलते पाकिस्तान को सैन्य और कूटनीतिक दोनों मोर्चों पर पराजय का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि भारत अब एक ऐसा राष्ट्र बन चुका है जिसे विश्व न केवल मित्र मानता है बल्कि व्यापारिक संबंधों के लिए भी प्राथमिकता देता है।

भारतीय सेना सदैव राष्ट्र सेवा के लिए तत्पर : सिन्हा

पूर्व सैनिक छत्रपाल सिन्हा ने कहा कि भारत की सेना सदैव राष्ट्र सेवा के लिए तत्पर रहती है और हम पूर्व सैनिक भी आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्रहित में अग्रणी भूमिका निभाने को सदैव तैयार हैं। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय और शौर्य यात्रा के साथ हुआ, जो गांधी मैदान से आरंभ होकर भूतेश्वरनाथ चौक व तिरंगा चौक होते हुए पुनः गांधी मैदान में संपन्न हुई। इस अवसर पर जिले के जनप्रतिनिधि, नगर के जागरूक नागरिक, मातृशक्ति एवं विभिन्न संगठनों के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।